भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा पुणे हवाई अड्डे द्वारा वृक्षारोपण अभियान

इस अभियान का नेतृत्व महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री और माननीय केंद्रीय नागर विमानन और सहकारिता राज्य मंत्री द्वारा किया गया

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर, 2024: पुणे हवाई अड्डे द्वारा 29 सितंबर 2024 को पुणे हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन (एनआईटीबी) में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने ऐतिहासिक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री , श्री देवेन्द्र फडणवीस और माननीय केंद्रीय नागर विमानन और सहकारिता राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल भी उपस्थित थे।

यह पौधारोपण अभियान अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (इकाओ) की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक राष्ट्रव्यापी पर्यावरणीय पहल के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। यह पौधारोपण "एक पेड़ माँ के नाम"अभियान थीम पर आधारित था, जो पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए मातृत्व की भावना का सम्मान करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है।

भाविप्रा ने भारत में अपने हवाई अड्डों पर इसी तरह के वृक्षारोपण अभियान चलाए , जिसके अंतर्गत इकाओ की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरित पहल और विमानन क्षेत्र में संधारणीयता के प्रयासों को बढ़ावा देने के समर्थन में 80,000 पौधे लगाए गए।

पुणे हवाई अड्डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), विभिन्न एयरलाइंस और अन्य एयरपोर्ट एजेंसियों के अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया। यह पहल हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए भाविप्रा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और इसका व्यापक मिशन भारत के विमानन उद्योग के कार्बन उत्सर्जन को कम करना है ।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण कृपया विस्तृत विवरण के लिए महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें :
011- 20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 10/2024-25